पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने जनपद चित्रकूट में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की

सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचे

चित्रकूट तीर्थ क्षेत्र की साफ–सफाई नियमित रूप से की जाय

कार्य करने की मंशा सही हो तो सभी विषय का हल निकल सकता है

पानी है कीमती, जल संरक्षण पर दें ध्यान
–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊः 21 दिसम्बर, 2023

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज जनपद चित्रकूट के कलेक्ट्रेट सभागार में केन्द्र सरकार द्वारा पोषित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक की। राज्यपाल जी ने समीक्षा बैठक में जल जीवन मिशन, समग्र शिक्षा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण/शहरी, मनरेगा योजना, अमृत सरोवर निर्माण, खेल मैदान, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राज्य वित्त आयोग, वृद्धावस्था पेंशन, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आयुष्मान भारत, मातृ वंदना योजना, स्वच्छ शौचालय, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना आदि योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की।

राज्यपाल जी ने कहा कि सभी कल्याणकारी योजनाएं आम जनता तक कैसे पहुंचे, इस पर सभी संबंधित अधिकारियों को सोचना चाहिए तभी गरीबों को लाभ मिलेगा।

राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि जिन कार्यों के लिए शासन से धनराशि मिलती है। उसका समय से सदुपयोग करें। प्रत्येक कार्य का लक्ष्य तय करें और योजना बनाकर कार्य करें।

इस अवसर पर राज्यपाल जी ने सभी अधिकारियों से कहा कि चित्रकूट की पावन धरा भगवान श्री राम से जुड़ी हुई है। अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर का निर्माण हो रहा है, जो तीर्थ यात्री वहां पर दर्शन हेतु जाएंगे, वे चित्रकूट अवश्य आएंगे। इसलिए परिक्रमा पथ तथा तीर्थ क्षेत्र की साफ–सफाई नियमित रूप से की जाय। इसके साथ ही तीर्थ क्षेत्र में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों को भी स्वच्छता से जोड़ें। उन्होंने कहा कि परिक्रमा पथ पर कुंड में पानी की व्यवस्था के साथ–साथ साफ–सफाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी की मुख्य मंशा स्वच्छता ही है।

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश की सीमाओं के आसपास के नगर पंचायत एक साथ मिलकर कार्य करें।

राज्यपाल जी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया कि 3 वर्ष तक के सभी बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में शत–प्रतिशत आने चाहिए। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देश दिया कि कोई भी परिवार अगर अन्य जनपद या बाहर किसी गांव में काम के लिए जा रहा है तो शिक्षकों को निर्देश दें कि वहां के विद्यालयों के अध्यापकों से संपर्क स्थापित कर वहां पर जो परिवार के बच्चे आपके विद्यालय में नामांकित है उनको वहां पर नामांकित कराकर शिक्षा ग्रहण अवश्य कराएं। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई विषय नहीं जिसका हल नहीं निकल सकता कार्य करने की मंशा सही होना चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल पहुंचाया जा रहा है क्योंकि पानी से ही तरह–तरह की बीमारियां फैल रही हैं आज सोने से भी ज्यादा कीमती पानी हो गया है। इसलिए सभी को जल संरक्षण पर ध्यान केंद्रित

करना होगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार बजट कार्य करने के लिए देती है तो कार्य करना चाहिए।

राज्यपाल जी ने जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि प्रत्येक गांव में जल जीवन मिशन के तहत जो कार्य कराए जा रहे हैं। उसके संचालन के लिए जिम्मेदारी अवश्य तय की जाए ताकि लोगों को पानी मिलता रहे। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जल जीवन मिशन के कार्यों का भ्रमण कराया जाए तथा उनको पानी के बारे में विस्तृत जानकारी अवश्य दी जाए,तथा ऑपरेशन कायाकल्प के 19 पैरामीटर्स के जो कार्य शेष हैं उनको पूर्ण किया जाए तथा मीनू के अनुसार बच्चों को मध्यान्ह भोजन गुणवत्तापूर्ण मिलना चाहिए स्मार्ट क्लास जो शुरू कराए गए हैं उसमें शिक्षकों को निर्देश दें की बच्चों को आगे बढ़ाकर पढ़ाई कराए।

राज्यपाल जी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को शीघ्रता से पूर्ण करें साथ ही यह भी प्रयास करें कि शत–प्रतिशत प्रसव शासकीय अस्पताल पर हो। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना बहुत अच्छी योजना है इसका सभी को लाभ दिया जाए टीबी रोगियों को गोद लेकर उनको पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाय। इस कार्य में व्यापार मंडल तथा स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग लिया जा सकता है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने राज्यपाल जी को एक जनपद एक उत्पाद के तहत स्मृति चिन्ह भेंट किया।

बैठक में जिलाधिकारी श्री अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

———————

डा0 सीमा गुप्ता– सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार– सूचना अधिकारी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9454468250

श्रीमती आनंदीबेन पटेल
मा0 राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
की अध्यक्षता में
समीक्षा बैठक
दिनांक- 21 दिसम्बर, 2023